**The Hans 10-May-2021**

THE HANS INDIA

# MLA lays foundation for check dam construction

HANS NEWS SERVICE
MIRYALGUDA (NALGONDA)

MLA Nallamotu Bhaskar Rao on Sunday laid foundation for the construction of check dam on Paleru Vagu under Bommakal gram panchayat in Madgulapally mandal of Miryalaguda constituency. Speaking on the occasion, he said construction of a check dam on Paleru Vagu is a permanent solution to the irrigation problems of this region. Rs3.96 crore were sanctioned through the Irrigation Department for check dam construction in the interest of the farmers, he informed.



MLA N Bhaskar Rao laying foundation for the construction of check dam on Paleru Vagu at Bommakal village on Sunday

'As many as 700 acres of agriculture land would be brought under cultivation and water table in and around Bommakallu, Bheemanapally and Cherla Gudem villages will increase after the completion of the proposed check dam.' MLC Narsireddy, sarpanches Maruti Venkat Reddy, Karunakar Reddy, MPP Pokala Srividya, ZPTC Saidulu, Rythu Bandhu Samithi president Miryala Madhusudan, PACS chairman Jerripotula Ramulu Goud, ZP co-option member Mosin Ali, Palutla Babaiah and others were present on the occasion.

Asian Age 10-May-2021

# Hailstorm, rain give Delhiites respite from hot weather

**New Delhi, May 9:** A short spell of rain and hailstorm lashed parts of Delhi on Sunday, providing much-needed respite from the hot weather to residents.

The city recorded a maximum temperature of 39.4 degrees Celsius. The precipitation and gusty winds brought the mercury down to 32 degrees Celsius by 5.30 pm, according to the India Meteorological Department's weather app.

The minimum temperature settled at 23.2 degrees Celsius, two notches below the season's average.

People also shared videos of hailstorm on social media.

The air quality in the city was recorded in the 'moderate' category. The 24-hour average air quality index (AQI) was 166 at 4 pm, real-time data of the Central Pollution Control Board (CPCB) showed.

An AQI between zero and 50 is considered 'good', 51 and 100 'satisfactory', 101 and 200 'moderate', 201 and 300 'poor', 301 and 400 'very poor', and 401 and 500 'severe'. — *PTI*

Millennium Post 10-May-2021

PEOPLE ALSO SHARED VIDEOS OF RAINS, HAILSTORM ON SOCIAL MEDIA

# City witnesses sudden change in weather

OUR CORRESPONDENT



**NEW DELHI:** Delhi witnessed a sudden change in weather on Sunday afternoon as skies turned cloudy and rains in some parts brought the mercury down, giving much-needed relief to the people of the national capital.

People also shared videos of rains and hailstorm on the social media.

The city recorded a minimum temperature of 23.2 degrees Celsius, two notches below the season's average.

The weatherman said the maximum temperature is likely to settle around 40 degrees Celsius. The relative humidity was 58 per cent.

The air quality in the city was recorded in the "moderate" category. The air quality index (AQI) was 150 at 8.05 am, real-time data of the Central Pollution Control Board (CPCB) showed.

An AQI between zero and 50 is considered "good", 51 and 100 "satisfactory", 101 and 200 "moderate", 201 and 300 "poor", 301 and 400 "very poor", and 401 and 500 "severe".

Haribhoomi 10-May-2021

# बारिश से मौसम हुआ सुहावना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में रविवार देर शाम बादलों ने डेरा जमा लिया, जिसके बाद गड़गड़ाहट के साथ कई इलाकों में अच्छी बारिश दर्ज हुई। मौसम विभाग का पूर्वानुमान सही सभीत हुआ और दिल्ली में बारिश हुई है। तेज हवा के साथ हुई बारिश की वजह से कई इलाकों में यातायात प्रभावित हुआ। इससे पहले दिन भर राजधानी में सूरज अपनी तपिश से लोगों को परेशान करता रहा।

प्रादेशिक मौसम विभाग के अनुसार रविवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 2 दिन राजधानी में सूरज जमकर लाल होगा। जिसके चलते दिल्ली में अधिकतम तापमान बढ़कर 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग का आंकलन है कि मंगलवार देर शाम से राजधानी में एक बार फिर बारिश हो सकती है। विभाग की माने तो यह बारिश लगातार 4-5 दिन तक होने की प्रबल संभावना है। वही निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर के अनुसार इस समय हिमालाई क्षेत्रों में मौसम रंग बदल रहा है। हिमालय व पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश के चलते मौसम खुशगवार बना हुआ है। पहाड़ी क्षेत्र में हुए मौसम का बदलाव मैदानी भागों में बरसात के रूप में देखने को मिल रहा है। जल्द ही प्री मानसून बारिश दर्ज हो सकती है। बता दें कि 2 दिन पहले भी दिल्ली में अच्छी बरसात दर्ज हुई थी, जबकि हल्की बरसात कई बार दर्ज हो चुकी है।

**File No.T-74074/10/2019-WSE DTE**

**Haribhoomi 10-May-2021**

# मई की गर्मी में मानसून जैसे हालत, सुबह कई क्षेत्रों में हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ । रायपुर

मई का महीना गर्मी के लिए जाना जाता है, लेकिन इस साल मौसम का मिजाज कुछ इस कदर बदला हुआ है कि मई के नौ दिन बीत चुके हैं और राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में मानसून जैसे हालत बने हुए हैं। रविवार सुबह भी राजधानी रायपुर दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर आदि क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई। कुछ इलाकों में तो 70 मिमी से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। इस तरह बारिश होने व बादल छाए रहने की वजह से पारा भी गिर गया है और मई के इन नौ दिनों में भी लोगों ने ठंडकता महसूस की है। मौसम का मिजाज बदलने की वजह से बीते तीन दिनों से बारिश होने से विभिन्न जिलों में मानसूनी बारिश जैसे हालात बनते जा रहे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार 10 मई को भी प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने या हल्की बारिश के आसार हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह बेसौमस बारिश की वजह से सब्जियों की फसलों को नुकसान होगा। रविवार सुबह से ही राजधानी रायपुर और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदल गया था और तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर बारिश होती रही। हालांकि बारिश के बाद दोपहर को धूप भी निकल आई।

## सोमवार को भी प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने या हल्की बारिश के आसार हैं, बेसौमस बारिश की वजह से सब्जियों की फसलों को नुकसान होगा

### राहत भरे रहे मई के नौ दिन



मौसम विज्ञानियों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से बन रहे द्रोणिका व चक्रीय चक्रवात के प्रभाव से लोगों को भारी गर्मी से राहत मिली है। मई माह की शुरुआत से ही रोजाना बादल छाने के साथ ही तेज हवाएं चलने व बारिश हो रही है। सालों बाद यह देखा जा रहा है कि मई के नौ दिनों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे बना हुआ है। साल 2017 में मई के पहले नौ दिनों में अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। वहीं, 2018 में 43.8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान पहुंचा था। साल 2019 में रायपुर का अधिकतम तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस और साल 2020 में भी रायपुर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पार हो गया था। इस साल 2021 में नौ दिनों में राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के करीब ही रहा।

### आज भी अंधड़ के साथ बारिश के आसार

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि द्रोणिका व चक्रीय चक्रवात के प्रभाव से सोमवार 10 मई को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अंधड़ चलने व बारिश की संभावना बनी हुई है। हालांकि, प्रदेश के अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा।

## जबलपुर में जमकर हुई बारिश, मंडला के निवास में 15 मिनट तक गिरे ओले

◆ *पश्चिम विक्षोभ के असर से अचानक बदला मौसम*

**जबलपुर, मंडला/निवास।** पश्चिम विक्षोभ के असर से जबलपुर में दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया। आसमान पर बादल छा गए और करीब सवा चार बजे जमकर बारिश हुई। मंडला के निवास भी बारिश के साथ ओले गिरे। मंडला जिला मुख्यालय से करीब 65 किमी दूर निवास नगर में 3 बजे के आसपास मौसम ने अचानक करवट ली और तेज गर्जना के साथ बेर से भी बड़े आकार के ओले गिरने शुरू हो



गए। करीब 15 मिनट तक ओलाबारी से पूरी जमीन ओलों से पट गई । **इतने बड़े ओले देख हैरान रहे लोग:** ये ओले इतनी बड़े थे की बारिश रुकने के आधा घंटे बाद भी जमीन में नहीं गले। लोगों ने बताया कि हम ने कई बार ओले गिरते देखे हैं। मगर इतने बड़े और लगातार 10 से 15 मिनट ओले गिरते नही देखे। **वाहनों के कांच फूटे:** लगातार ओलों के गिरने के कारण बाहर खड़े कुछ वाहनों के कांच फूटे। जिसके कारण वाहन मालिक गिरते ओलों और पानी में गाड़ी को ढकने का काम शुरू कर दिया। जिला मुख्यालय में भी आसमान में बादल छाए हुए हैं,बादलों की गर्जना हो रही है।

## बिगड़ा मौसम का मिजाज, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में आज भी बारिश के आसार

**भोपाल** । मध्य प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र पर एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना हआ है। इस वेदर सिस्टम और उत्तर भारत में लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से नमी आने का सिलसिला बना हुआ है। बंगाल की खाड़ी से मिल रही नमी से प्रदेश के विभिन्न जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में शनिवार को जबलपुर में 0.8, सतना में 0.4 मिलीमीटर बारिश हुई। बादल बने रहने के कारण भोपाल और जबलपुर में अधिकतम तापमान गिरे, जबकि इंदौर और ग्वालियर में दिन का तापमान बढ़ गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक रविवार को भोपाल, होशंगाबाद, जबलपुर, शहडोल, रीवा, सागर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम का इस तरह का मिजाज अभी तीन-चार दिनों तक बना रह सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को राजधानी भोपाल का अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से एक डिग्री से. कम रहा। साथ ही शुक्रवार के अधिकतम तापमान (40.9 डिग्री से.) की तुलना में 1.1 डिग्री से. कम रहा।



### पश्चिमी मप्र पर बना है सिस्टम

मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में पश्चिमी मप्र पर एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। साथ ही इस चक्रवात से उत्तरी कर्नाटक तक एक द्रोणिका लाइन (ट्रफ) बनी हुई है। एक पश्चिमी विक्षोम अभी जम्मू-कश्मीर में बना हुआ है। इस वजह से बंगाल की खाड़ी से लगातार आ रही नमी के कारण राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में आंशिक बादल छाए हुए हैं। साथ ही गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। शुक्ला के मुताबिक एक अन्य पश्चिमी विक्षोम के 11 अप्रैल को उत्तर भारत पहुंचने की संभावना है।

## आंधी तूफान की तबाही के बाद बिजली लाइनों को सुधारते रहे बिजली कर्मी

**जबलपुर।** बीती रात आई तूफान ने बिजली सिस्टम को काफी प्रभावित किया। कई जगह पेड़ लाइनों पर गिर गए। पोल पर लगे फ्लैक्स लाइन से टकराए तो फॉल्ट हो गया। ऐसी कई समस्याओं से शहर में बिजली सप्लाई को लेकर परेशान हुए। रात तक बिजली बंद होने की शिकायतों का अंबार लग गया। हजार से ज्यादा शिकायत दर्ज हुई। ऐसे में बिजली अमला रात और दिन में भी सुधार कार्य करने में जुटा रहा। इस संबंध में अधीक्षण यंत्री शहर सुनील त्रिवेदी ने कहा कि शाम के वक्त आए तूफान से कई जगह फॉल्ट मिला था जिसे देर रात तक ही ठीक कर दिया गया। शहर के हर संभाग में दो—चार फीडर बंद हुए थे। पेड़ की डाल लाइनों पर टूटकर गिरने से ये समस्या आई। उन्होंने बताया कि बिजली कर्मियों ने ही देर रात तक ज्यादातर शिकातयों पर काम कर दिया था। इधर बर्न कंपनी के पास पेड़ गिरा। वहीं पचपेढ़ी में भी लाइन टूटी। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हाईवोल्टेज: नगर संभाग पूर्व के कांचघर क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी क्षेत्र में बीती रात से हाईवोल्टेज करंट घरों में दौड़ रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो बीती रात 7 बजे के बाद वोल्टेज एकाएक बढ़ गया।